राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई पोलियोरोधी खुराक

जालोर में रोटरी क्लब ने पल्स पोलियो बूथों पर जूस, नाश्ता व भोजन के पैकेट बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली में नौनिहालों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र जालोर में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अभियान के पहले दिन जिले के समस्त बूथों पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को ओरल पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई। पोलियो की दवा पिलाने के लिए ट्रांजिट टीमें भी बनाई गई हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, बाजार, स्वास्थ्य केंद्रों व आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। बूथ पर न पहुंचने वाले बच्चों को आगामी 1 एवं 2 जुलाई को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

इस दौरान पीएमओ डॉ. पूनम टांक, डॉ. अनिता चौहान, डॉ. मुकेश चौधरी, हरफूल घिंटाला, गुलजार अली, पुरषोत्तम गर्ग, एएनएम कविता सहित नर्सिंगकर्मी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब ने पल्स पोलिया बूथ पर वितरित किये भोजन के पैकेट

जालोर, 30 जून(कासं)। पल्स पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ साथ आज रोटरी क्लब जालोर और रोटरैक्ट क्लब जालोर युवा के सदस्यों द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत जालोर के सभी 45 बूथों पर लगे हुए नर्सेज, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं अन्य स्टॉफ को रोटरी क्लब जालौर की ओर से ज्यूस,नाश्ते-खाने के पैकेट वितरित किए गए। ताकि बूथ पर आने वाली जनता को इन्तेजार नहीं करना पडे ।

रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष डॉ. पवन ओझा ने बताया कि कार्य म की शुरूआत सामान्य चिकित्सालय जालोर और बापू बाल विद्या मंदिर बूथ पर छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर की गयी । रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के आगामी प्रांतपाल सीए मोहन पाराशर ने बताया कि रोटरी सदस्यों ने 122 देशों में लगभग 3 बिलियन बच्चों को इस लकवाग्रस्त बीमारी से बचाने के लिए 2.1 बिलियन डॉलर से अधिक और अनगिनत समय का योगदान दिया हैं। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के सहायक प्रांतपाल तरुण सिद्धावत,सचिव संजय कुमार, रॉटरेक्ट क्लब चार्टर अध्यक्ष चेतना श्रीमाली, सचिव डॉ.नवीन ओझा, आरसीसी हेल्पिंग हैंड्स की अध्यक्षा विनीता ओझा, रमजान खान,गोविंद कुमार समस्त सदस्यों ने जिम्मेदारी से दायित्व निभाते हुए सहयोग प्रदान किया।

जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही

पाली, (नि.सं.)। पली जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान रविवार 30 जून से शुरू जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से समारोहपूर्वक शुरू हुआ। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर शुभारंभ समारोह में भाग लेकर पांच साल तक के बच्चों को अपने हाथों से दो बूंद जिंदगी की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज किया।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि पाली जिले में भी इस कार्यक्रम का आगाज राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर में किया। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने सुमेरपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनाए गए पोलियो बूथ पर जाकर अपने हाथों से नोनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाकर इस अभियान का आगाज किया। खारची में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम ने छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया।,

इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में अपनी भागीदारी निभाकर इस अभियान का शुभारंभ किया तथा अभिभावकों से अपने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 1149 बूथों पर पोलियोरोधी की खुराक पिलाई जा रही हैं।

पहले दिन हजारों बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पोलियो बूथो पर पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। डॉ. मारवाल ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 2 लाख से अधिक बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 30 जून को पोलियो दिवस पर 1149 बूथों पर 2 लाख 85 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। आरसीएचओ डॉ. श्री राम यादव ने बताया कि आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वंचित नौनिहालों को पोलियोरोधी खुराक पिलाएगी। इस अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए क्षेत्र मे 76 ट्रांजिट टीमें और 147 मोबाईल टीमें कार्य कर रही है।

पुजारी हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदंड सुनाया

भीनमाल, (निसं)। अपर सेशन न्यायालय भीनमाल के न्यायाधीश राजेंद्र साहू ने आज से करीब 2 वर्ष पूर्व पुजारी की हत्या के मामले में अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा एवं बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया एवं 5 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई गई।

परिवादी की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक मुकेश कुमार व एडवोकेट राहुल गोस्वामी ने बताया कि बागोडा पुलिस थाने में परिवादी घेवर दास की ओर से एक रिपोर्ट लिखित में 30 नवम्बर 2021 को पेश कर बताया था कि ग्राम धुम्बडिया में नदी के पास हनुमान जी का मंदिर स्थित है। जहां उसके काका नैनूदास कई वर्षों से पूजा करते हैं और मंदिर में ही निवास करते हैं। वही 29 नवम्बर 2021 को रात्रि में करीबन डेढ बजे मेरे पास सोमनाराम ने कॉल कर बताया कि हनुमान जी मंदिर में पुजारी नैनूदास की चिल्लाने की आवाज आ रही है। तब वह और उसका भाई तथा कई लोग मंदिर पहुंचे। तो मेरे काका नैनूदास घायल अवस्था में पडे थे एवं मंदिर का भंडारा (दान पात्र) भी गायब था। हम मेरे काका को अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में ही मृत्यु हो गई थी। उसके बाद पुलिस द्वारा जांच करने पर आरोपी किका उर्फ किशोर, भूराराम, मोहनलाल के खिलाफ धारा 460, 394, 302/34 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें किका उर्फ किशोर की उम्र 18 वर्ष से कम होने से 23 मार्च 22 को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने का आदेश दिया। वही भूराराम व मोहनलाल के संबंध में आक्षेपित आरोपों के प्रति प्रसंज्ञान कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक मुकेश कुमार ने साथ में परिवादी की ओर से एडवोकेट राहुल गोस्वामी ने की।

आरोपी भूराराम पुत्र भूताराम उम्र 27 वर्ष निवासी डोली फली भीमाणा, पुलिस थाना रोहिडा जिला सिरोही एवं मोहनलाल पुत्र सायबाराम उम्र 33 वर्ष निवासी वाटेरा, पुलिस थाना रोहिडा जिला सिरोही को शुक्रवार को न्यायाधीश राजेंद्र साहू ने के तहत आजीवन कारावास की सजा एवं बीस हजार रुपए से अर्थदंड से दंडित किया एवं पांच माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई।

राई का बाग रेलवे स्टेशन का नाम सुधारने की मांग, विरोध जारी

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के राई का बाग रेलवे स्टेशन का नाम सुधार करने की मांग को लेकर देवासी समाज का विरोध जारी है।

समाज ने मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि राजस्थान सरकार के मंत्री ओटाराम देवासी के रेलवे को पत्र लिखने के बावजूद सुधार नहीं हुआ।समाज के प्रतिनिधियों ने मामले को लेकर जोधपुर से प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से लेकर मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाई लेकिन मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। अब समाज की ओर से 1 जुलाई को प्रदर्शन किया जाएगा।

समाज के लाल सिंह रायका ने बताया- पिछले कई दिनों से इसको लेकर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री जोधपुर से प्रतिनिधित्व कर रहे सांसद और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी मामले को लेकर जानकारी दी । लेकिन किसी ने भी उनकी मांग पर विचार नहीं किया। इसको लेकर समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। सरकार और रेलवे का ध्यान उनकी तरफ आकर्षित करवाने के लिए एक जुलाई को रैली निकाली जाएगी। मांगे नहीं मानने तक समाज पीछे नहीं हटेगा।

समाज के पदाधिकारी ने बताया कि इसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों में रहने वाले समाज के लोग हिस्सा लेंगे। इसके अलावा अन्य राज्यों से भी समाज के लोग पहुंचेंगे, क्योंकि राईका समाज का अपना एक अलग इतिहास है। जिसे रेलवे की ओर से खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है।

पूर्व में यह नाम राईका बाग रेलवे स्टेशन ही था जिसे बदल दिया गया है। समाज अब चुप नहीं बैठेगा।

विशेषज्ञता हासिल करके आगे बढ़ो : भंडारी

भीनमाल, (निसं)। स्थानीय आथमना वास रेबारियां बस्ती रामदेव मंदिर परिसर में विप्र फाउंडेशन ब्लॉक के सहयोग से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी के सानिध्य में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि माणकमल भंडारी ने आशुतोष भगवान व परशुराम भगवान की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य म का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि भंडारी ने कहा कि हमें जीवन में किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर आगे बढने का प्रयास करना चाहिए। भंडारी ने महिलाओं व नवोदित प्रतिभाओं को स्वावलंबन कर जीवन को सदचरित्रवान बनाने हेतु इस कौशल विकास शिविर सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन होना एक अनुकरणीय पहल है। जो राष्ट निर्माण में सहायक व वरदान सिद्ध है। अत: हमें स्काउट की विविध सह शैक्षिक गतिविधियों में सकारात्मकता के साथ मन, वचन, कर्म से परिशुद्ध होकर निष्ठा के साथ आयोजन प्रकल्प में सहभागिता निभाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दासपां निवासी कैलाश जैन अरिहंत रक्त सेवा संस्थान ने महिलाओं को अपने अनुकुल समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। विशिष्ठ अतिथि मदन सुंदेशा, अरविंद बंजारा, सुरेश पारीक, गोपालचंद्र जीनगर, महेंद्र शर्मा, निलेशकुमार सुथार, दिनेश जालोरी, नेमलाल जीनगर की उपस्थिति रही। स्वागत उद्बोधन दिव्य ज्योति कॉलेज के प्राचार्य डॉ किशोर माली व कार्य म प्रभारी सुरेश पारीख ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत कर सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिलाओं, विद्यार्थियों को समय पर स्थल पर आने व शिविर के अनुशासन के नियम बताए। कार्य म में स्थानीय संघ के सचिव डॉ घनश्याम व्यास ने स्काउट की प्रार्थना का वाचन करवाया व स्काउट के प्रेरक कार्य से जुडने की बात कही।

इस अवसर पर प्रज्ञा कौशल दक्ष प्रशिक्षक श्रीमती ललिता शर्मा, रविशंकर दवे, किशोर कुमार माली, रामलाल, बाबूलाल, सुरेशकुमार, पृथ्वीराज सहित कई बंधु, बालिका, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विफा के प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे के निर्देशन व प्रभारी सुरेश पारीख ने स्काउट व गाइड को प्रेरित करते हुए इसके महत्व पर अपने विचार प्रकट किये। कायर्क्रम का संचालन स्थानीय संघ सचिव डॉ घनश्याम व्यास द्वारा किया गया।

जैसलमेर के 64 हजार किसान लाभान्वित

जैसलमेर शहर में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय समारोह उत्कृष जैन भवन में आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर, (नि.सं.) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर के 64 हजार से अधिक किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रथम किश्त की एक-एक हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तातंरित की। मुख्यमंत्री शर्मा ने समारोह में वर्चुअली लाभार्थी किसानों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय समारोह उत्कृष जैन भवन में आयोजित हुआ। समारोह में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, जिला कलक्टर प्रतापसिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुन्नीराम बागड़िया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई, यूआईटी सचिव जितेन्द्रसिंह नरुका, पंचायत समिति सम प्रधान तनसिंह सौढ़ा, प्रबंध निदेशक जैसलमेर सहकारी बैंक प्रशांत कल्ला, उप रजिस्ट्रार सहकारिता रफीक मोहम्मद, नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सौढ़ा, रोजगार अधिकारी भवानीप्रताप चारण, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा, महामंत्री सुशील व्यास. भाजपा पदाधिकारी सवाईसिंह गोगली, अरुण पुरोहित, हिम्मताराम चौधरी, मूलाराम चौधरी, बाबूलाल शर्मा सहित किसानगण एवं मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं बीच में उठ कर जाती हुई दिखी। विधायक भाटी और भाजपा पदाधिकारियों का जत्था भी चलते कार्यक्रम में बाहर आकर अपनी गाड़ियों में सवार होकर जाते नजर आया।

आयोजन के दौरान सम्बंधित सहकारी विभाग के अधिकारी कार्यक्रम पूरा होने से पहले उठ कर जाने वाली सैकड़ो महिलाओं को रुकने का निवेदन करते नजर आये।

इस दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह को जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर वेबकास्टिंग के माध्यम से जोड़ा गया जिसे किसानों ने उत्साह के साथ देखा।

मन की बात सुनी

जालोर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सबसे पसंदीदा कार्य म मन की बात का लाइव प्रसारण जालोर क्लब में किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ,मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, जिला प्रमुख राजेश राणा, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड सदस्य सुभाष गोयल,पूर्व राज्य मंत्री धन्नाराम पुरोहित का आतिथ्य रहा।

रावणा राजपूत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

पाली, (नि.सं.)। रावणा राजपूत समाज सोसायटी नगर इकाई की और से रविवार को भालेलाव रोड़ स्थित समाज भवन में प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आठवी, दसवी, बारहवीं में अधिकतम अंक एवं खेलकूद, नवनियुक्त एवं सेवानिवृत कार्मिकों के साथ ही राजकीय सेवा में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया गया। इकाई अध्यक्ष विक्रमसिंह भैसाणा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के वरिष्ठ संरक्षक मूलसिंह भाटी ने कहा कि प्रतिभावान सम्मान समारोह कार्यक्रम के माध्यम से समाज की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस प्रकार के आयोजन निश्चित रूप से समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए लाभ दायक साबित होंगे।

रावणा राजपूत जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्रसिंह परिहार ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए सोसायटी नगर इकाई की और से किया गया आयोजन निश्चित रूप से सराहनीय है। इस प्रकार के आयोजन आगे भी होने चाहिए। उन्होंने बालिका शिक्षाओं को बढ़ावा देने की बात कहते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की बात कही।

इकाई के बाबूसिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज दीपप्रज्जवलन के साथ हुआ बाद में आयोजित सम्मान समारोह में 80 से अधिक आठवीं, दसवी, बारहवीं में उच्च अंक लाने वाले एवं नवनियुक्त सेवानिवृत कार्मिकों का माला व दूपटा, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं विधानसभा व लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ठ कार्य करने पर विक्रमसिंह परिहार को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सिन्धुकंवर, श्यामसिंह खौड़, केसरसिंह मांगलिया, ढगलसिंह चौहान, राजेन्द्रसिंह इंदा, भीमसिंह दहिया, उगमसिंह चौहान, मदनसिंह चौहान, किशोरसिंह चौहान, रेखाकंवर भाटी, ममता कंवर, ओमसिंह सोढा समेत कई जने मौजूद रहे।

सांप पकड़कर जंगल में छोड़ा

पाली, (नि.सं.)। पाली के न्यू शक्ति नगर में एक कोबरा सांप ने दहशत फैला रखी थी, जिसे आज पक़डकर दूर जंगल मे छोड़ा गया।

अजय वाल्मीकि ने बताया कि जबसे पहली बरसात हुई है तब से एक 5 फिट लंबे कोबरा सांप ने न्यू शक्ति नगर में आतंक मचा रखा था, जो किसी के भी घर मे घुस जाता था लेकिन पकड़ में नही आता था। आज गंगा देवी वाल्मीकि के घर मे घुसा और एक बड़े से चूहे का शिकार किया और फिर बाथरूम में जाकर बैठ गया, जिससे ।पूरा परिवार दहशत में आ गया और डर के मारे घर से बाहर आकर बैठ गया। तब सर्प मित्र गजेन्द्र सिंह मण्डली को कोबरा सांप के निकलने की सूचना दी गई। मण्डली तुरंत मौके पर पंहुंचे और कोबरा को अपने काबू में किया तथा घर से बाहर लेकर आए।

गजेन्द्र सिंह मण्डली नें कोबरा को वन विभाग के जंगल में दूर ले जाकर सकुशल छोड़ दिया। इस मौके पर प्रबल सिंह, अजय वामीकि, सरोज देवी वाल्मीकि, गँगा देवी वाल्मीकी, करिश्मा घारू, जयेश चावरिया, विद्या देवी, बादल आदिवाल, अजय घारू और गोविंद चांवरिया आदि अन्य कई लोग उपस्थित थे।

जैन भगवती दीक्षा को लेकर कार्यक्रम हुआ

जोधपुर, (कासं)। सूरत में तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रम के सानिध्य में जोधपुर के सुरेंद्र कोचर की आगामी 19 जुलाई को होने वाली जैन भगवती दीक्षा के पूर्व तीन दिवसीय कार्यक्रमों के अंतिम दिन रविवार को सरदारपुरा स्थित ओसवाल कम्यूनिटी सेंटर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का आगाज साध्वी वृंद द्वारा नमस्कार महामंत्र एवं अमिता बैद द्वारा मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम में ही मुमुक्षु सुरेंद्र एवं मुमुक्षु करूणा गुलेच्छा संसार पक्षीय मामा भुआ के भाई बहिन है। दोनों को दीक्षा वैराग्य के भाव साथ जागृत हुए। दोनों दीक्षा ग्रहण कर रहे है, एक तेरापंथ संघ से व दूसरी स्थानकवासी साधुमार्गी संघ से है।

मंत्री अंकित चैधरी व देवीचंद तातेड ने बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अंतिम तीसरे दिन रविवार 30 जून को सुबह 8.30 बजे मुमुक्षु सुरेंद्र कोचर की संयम यात्रा-वर घोडा सरदारपुरा स्थित तातेड गेस्ट हाउस से रवाना होकर सत्संग भवन, सी रोड होते हुए तारघर स्थित ओसवाल कम्यूनिटी हॉल में सम्पन्न हुआ। वर घोडे में तेरापंथी सभा, महिला मंडल, कन्या मंडल, किशोर मंडल, ज्ञानशाला के ज्ञानार्थी, अणुव्रत समिति, प्रोफेशनल फोरम के साथ ही अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों की ओर से पूरे रास्ते में भजनों की स्वर लहरियां बिखेर कर भक्तिमय माहौल बना दिया। ओसवाल कम्यूनिटी हॉल में तेरापंथ धर्मसंघ की ओर से दोनों मुमुक्षाओं का शॉल, माला, साफा, जैन दुपट्टा, अभिनंदन पत्र आदि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संयम पथ की ओर जाने वाले मुमुक्षु सुरेंद्र कोचर ने कहा अनेक लोगों को भौतिक वस्तुओं की इच्छा होती है। मोक्ष जाने की इच्छा बहुत कम लोगों को होती है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को दीक्षा लेकर मोक्ष जाने की प्रेरणा देते हुए कहा इससे प्रवचन, साधु संतों के सानिध्य में जाकर संसार के मोह में उलझकर कर्मबंधन भाई बहिन व अन्य पारिवारिक सदस्यों, तेरापंथ व अन्य समुदाय का अभिनंदन के लिए आभार व्यक्त किया कि उसकी खुशी के लिए अपने लाडले को धर्म संघ में समर्पित किया।

समारोह में साध्वी प्रमोदश्री ने कहा दीक्षा सत्यम, शिवम, सुंदरम का सौपान है। इस सौपान पर आरोहण वही व्यक्ति कर सकता है जिसमें साहस, हिम्मत व शौर्य होता है। दीक्षा एक चिकित्सा पद्धित है जो आधी व्याधि उपाधि का हरण कर समाधि प्रदान करती है।

चामुण्डा गार्डन में कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। राज्य के शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर रविवार को एक दिवसीय दौरे पर जालोर के चामुण्डा गार्डन में घुमन्तु जाति के परिवारों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घुमन्तु जाति के परिवारों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित व जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घुमन्तु परिवारों की समस्याओं के समाधान करवाने की बात कही। कार्यक्रम में विक्रमसिंह तारातरा, प्रहलाद गर्ग व बाबुलाल आलासन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन ललित ठाकुर ने किया। जिला प्रमुख राजेश कुमार, श्रवण सिंह राव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, मंजू सोलंकी, सुरेश सोलंकी आादि मौजूद रहे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) 9 व (1) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि.के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 19 जुलाई 2024 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (i) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

क्र. सं.	(i) डिमांड नोटिस राशि	(ii) सहमति आईडी	(iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं)	(iv) गिरवी सम्पत्ति का पता	(v) आरक्षित मूल्य राशि	(vi) ईएमडी राशि	(vii) निलामी की तिथि व समय	(viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय	(ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	(x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं.
1	रूपये 6918686.63/- डिमांड नोटिस तिथि 11 अप्रैल 2021	2686355 2742094 एवं 11394111	कैलाश ब्रदर्स, जयवन्ती लखानी एवं दिनेश लखानी	व्यवसायिक सम्पत्ति क्षेत्रफल 19.50 वर्ग मीटर, क्लाथ मार्केट निमाज की हवेली, जिला जोधपुर, का पूरा व प्रत्येक भाग व और सीमायें है- उत्तर-रोड 15 फिट चौडी, दक्षिण-निमाज की हवेली, पूर्व-मै. सिमरतमल जी की दुकान, पश्चिम-मोहन लाल राठी की दुकान	रूपये 7792810.00/-	रूपये 779281.00/-	19 जुलाई 2024 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक	18 जुलाई 2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक	11 जुलाई 2024 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक	नाम-सरदीप सिंह राठौड सम्पर्क नम्बर- 9887772255 नाम-आंचल शर्मा, मोबाइल नम्बर- 7737204242

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 01.07.2024
स्थान- जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)